**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या: 690**
**गुरुवार, 6 फ़रवरी, 2025/17 माघ, 1946 (शक), को दिया जाने वाला उत्तर**

## पवन हंस लिमिटेड में सुचारू प्रचालन

**690. डॉ. कलानिधि वीरास्वामीः**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने हाल ही में वरिष्ठ विमान अनुरक्षण अभियंताओं के वेतन में कटौती किए जाने के बाद उनके द्वारा त्यागपत्र दिए जाने के आलोक में, पवन हंस लिमिटेड का सुचारू प्रचालन सुनिश्चित करने के लिए कोई कदम उठाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) पवन हंस लिमिटेड के प्रचालन और संरक्षा मानकों पर इन त्यागपत्रों का क्या प्रभाव पड़ेगा?

### उत्तर

### नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख): कुछ इंजीनियरों द्वारा त्यागपत्र दिये जाने के उपरांत, पीएचएल के वरिष्ठ नेतृत्व ने संबंधित व्यक्तियों के साथ सीधे चर्चा की, ताकि उनकी शिकायतों का आकलन किया जा सके और वेतन तथा लाभों को नियंत्रित करने वाले संगठनात्मक तंत्र पर स्पष्टता प्रदान की जा सके।

किसी भी चुनौती का समाधान करने के लिए, पवन हंस लिमिटेड ने प्रचालन और संरक्षा मानकों को अप्रभावित रखने हेतु तत्काल उपाय किए हैं। कंपनी ने निर्बाध प्रचालन बनाए रखने के लिए आंतरिक पुनर्नियोजन और मौजूदा इंजीनियरिंग कर्मचारियों के बीच अनुकूलित कार्यभार वितरण सहित एक अंतरिम कार्यबल प्रबंधन कार्यनीति लागू की है।

*******